an>

Title: Regarding operation of Rail bus service between Medta City and Medta Road in Rajsamand Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द के मेड़ता सिटी और मेड़ता रोड के बीच में संचालित होने वाली रेल बस की ओर आकर्Âिात करना चाहूंगा। उस रेल बस में बैठने की व्यवस्था केवल 72 की है, जबकि उसके अंदर 150 से ज्यादा लोग सफर करते हैं। इसकी वज़ह से वृद्धों, बीमार व्यक्तियों, महिलाओं और बच्चों को इससे सफर करने में बहुत बड़ी असुविधा होती है। वे लोग उस रेल में चढ़ भी नहीं सकते। पहले इस रेल बस को दोनों स्टेशनों के बीच आने-जाने में मात्र पन्द्रह मिनट का समय लगता था, लेकिन अब वही सफर 35 मिनट में पूरा होता है। इसका कारण उसके रास्ते में आने वाली दो रेलवे क्रॉसिंग्स हैं। वह मानवरहित क्रॉसिंग है। इसकी वज़ह से रेल बस का ड्राइवर वहां पर पहले नीचे उतरता है, उसका गेट खोलता है, गाड़ी को पास कराता है और फिर उतर कर उस गेट को बंद करता है और तब जाकर उस रेल को आगे ले जाता है। इस वज़ह से पन्द्रह मिनट का समय 35 मिनट में पूरा होता है। इस सफर में पहले करीब बारह-तेरह फेरे रोज हुआ करते थे, लेकिन आज की स्थिति में वहां सिर्फ नौ फेरे हो रहे हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इस रेल बस सेवा को बंद कर डेमू ट्रेन की व्यवस्था की जाए, ताकि उन दोनों स्टेशनों के बीच में आने-जाने वाले लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके।